भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1015**

उत्तर देने की तारीख 02 दिसंबर, 2024
11 अग्रहायण, 1946 (शक)

## एथलीटों को वैश्विक प्रतिस्पर्धाओं के लिए तैयार करना

**1015. श्री लुम्बा रामः**
**श्री दुलू महतो:**
**श्री बिद्युत बरन महतोः**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा एथलीटों को वैश्विक प्रतिस्पर्धाओं के लिए तैयार करने हेतु वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण और अंतर्राष्ट्रीय अनुभव प्रदान करने के लिए उठाए जा रहे विभिन्न कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का विचार विशिष्ट खेलों में विशेषीकृत प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्तर की खेल अकादमी की स्थापना करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा वर्तमान में देश में कितने राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्रों का निर्माण किया गया है; और

(घ) क्या सरकार उनकी संख्या बढ़ाने पर विचार कर रही है ताकि खिलाड़ियों को आवश्यक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) विशिष्ट खेल विधाओं के संवर्धन और विकास की मुख्य जिम्मेदारी संबंधित एनएसएफ की है। भारत सरकार भारतीय एथलीटों/टीमों की तैयारी और भागीदारी के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) को वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है।

अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं की तैयारी एक सतत एवं निरंतर प्रक्रिया है। अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं के लिए खिलाड़ियों/टीमों को तैयार करने के लिए प्रशिक्षण, प्रतिस्पर्धी एक्सपोज़र, कोच और विदेशी कोचों सहित सहायक कर्मियों से संबंधित एनएसएफ की योजनाओं/ प्रस्तावों पर विचार-विमर्श करके वार्षिक प्रशिक्षण और प्रतियोगिता कैलेंडर (एसीटीसी) बैठकों में उन्हें अंतिम रूप दिया जाता है।

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय विभिन्न स्कीमों, जैसे राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता स्कीम और टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टीओपीएस) के माध्यम से भारतीय खिलाड़ियों/टीमों

को सहायता प्रदान करता है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) सहित युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय और एनएसएफ आगामी अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं के लिए टीमों और खिलाड़ियों की तैयारी के लिए सर्वोत्तम सुविधाएं, प्रशिक्षण, उपकरण सहायता और आवश्यक पौष्टिक आहार प्रदान करने के लिए आपसी समन्वय में काम कर रहे हैं।

टीओपीएस के अंतर्गत सरकार प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए चिन्हित संभावित एथलीटों को सभी अपेक्षित सहायता प्रदान करती है, जिसमें विदेशी प्रशिक्षण, अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता, उपकरण, शारीरिक प्रशिक्षक, खेल मनोवैज्ञानिक, मानसिक प्रशिक्षक और फिजियोथेरेपिस्ट जैसे सहायक स्टाफ/कर्मियों की सेवाएं शामिल हैं। इसके अलावा कोर समूह के एथलीटों को 50,000/- रुपये प्रति माह और विकास समूह के एथलीटों को 25,000/- रुपये प्रति माह का आउट ऑफ पॉकेट भत्ता भी शामिल है।

(ख) जी नहीं, तथापि अभी खेलो इंडिया स्कीम के तहत देशभर में 301 खेलो इंडिया मान्यता प्राप्त अकादमियों को सहायता प्रदान की जा रही है।

(ग) वर्तमान में, भारतीय खेल प्राधिकरण के तहत देशभर में 22 राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) कार्यशील हैं।

(घ) वर्तमान में, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्र (एनसीओई) की संख्या बढ़ाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

****